जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए
मौजूदा और नियोजित उपाय

आप्रवासन विभाग

आप्रवासन विभाग बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करेगा और विकलाँगता लिंग, वैवाहिक स्थिति, गर्भावस्था,पारिवारिक स्थिति, जाति,राष्ट्रीयता और धर्म की परवाह किए बिना जनता के प्रत्येक सदस्य के साथ सम्मान, विचार और सहानुभूति के साथ व्यवहार करेगा।

संबंधित सेवाएं

- विभाग आप्रवासन नियंत्रण का प्रयोग करता है और आम लोगों के दैनिक जीवन से निकटता से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसे कि व्यक्तिगत दस्तावेज, राष्ट्रीयता और हांगकांग के बाहर HKSAR /एच के एस ए आर निवासियों को सहायता।

मौजूदा उपाय

- विभाग अपनी सेवाओं के प्रबंध में चीनी और/या अंग्रेजी भाषा का प्रयोग करता है ।
- विभाग,जनता के लिए सूचना पत्रक और आवेदन पत्र चीनी और/या अंग्रेजी में छापता है। विभाग की वेबसाइट पर जानकारी चीनी और अंग्रजी दोनो भाषाओं में है। जहाँ उपयुक्त हो और व्यावहारिक हो, संदर्भ के लिए कुछ जानकारी (उदाहरण के लिए मार्गदर्शन नोट, प्रपत्र, व्यक्तिगत अधिकारों की सूचनाएं आदि) का अन्य भाषाओं में अनुवाद किया जाता है ।

- जहां उचित और व्यावहारिक होगा, विभाग व्याख्या/अनुवाद सेवा का प्रबंध करेगा।

- आप्रवासन नियंत्रण का प्रयोग करते हुए, आप्रवासन कर्मचारी विविध जाति के लोगों के साथ प्रभावी संचार को सुनिश्चित करेंगे। जब यात्रियों को उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया जाता है तो सूचना पत्र अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विविध जाति के लोग जिनको उतरने से मना कर दिया गया है, वे उनसे संबंधित आप्रवासन नीतियों को समझने में सक्षम हैं ।

- विभाग अपने कर्मचारियों के लिए समान अवसर और जातीय भेद्भाव से जुड़े मुद्दों के संबंध में प्रशिक्षण की व्यवस्था करता है ।

- विभाग विभिन्न चैनलों के माध्यम से विविध जातियों के बच्चों और युवाओं को शामिल करता है, जिसमें वार्ता, दौरे और प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि शामिल हैं ।

भविष्य के काम का आँकलन	• विभाग जनता और कर्मचारियों से प्रतिक्रिया और सुझावों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर हमारी सेवाओं की समीक्षा करेगा ता कि आवश्यक और उपयुक्त होने पर हमारी सेवाओं को और बढ़ाया जा सके ।विभिन्न जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं की जरुरतों को बेहतर ढंग से समझने के लिए विभाग निगरानी सेवा की दृष्टि से ,सार्वजनिक सेवाओं तक उपयोगकर्ताओं की समान पहुंच और सेवा प्रावधान में निरंतर सुधार को सक्षम करने के लिए "व्याख्या/अनुवाद् सेवाओं की आवश्यक्ता" और "पसंदीदा/अधिमानित भाषाओं"(चीनी और अंग्रेजी के अलावा) पर भी जानकारी एकत्र करेगा।

जातीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और वियोजित उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया निमनलिखित चैनलों के माध्यम से मुख्य आप्रवासन अधिकारी (प्रबंधन लेखा परीक्षा) सुश्री चुंग वाइ मैन / Ms CHUNG Wai Man, Jennifer से संपर्क करें -

टैलीफोन नंबर	:	2829 4141 या 2829 4142 ; या
फैक्स नंबर	:	2827 0662 ; या
ईमेल	:	enquiry@immd.gov.hk ; या
Postal Address	:	Immigration Tower, 7 Gloucester Road, Wan Chai, Hong Kong (इमीग्रेशन टावर, 7 गलाउसैस्टर रोड, वान चाई हांग कांग)

आप्रवासन विभाग
फरवरी 2024